(ख) इस समय यह बताना सम्भव नहीं है कि बस्तर में डोलोमाइट परियोजना का कार्य कब शुरू किया जाएगा ।

छठी योजना के दौरान सोने का उत्पादन

1101. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) छठी पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान सोने के उत्पादन का कितना लक्ष्य निर्धारित किया गया था और अब तक कितना लक्ष्य प्राप्त किया गया है ; और

(ख) सातवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान सोने के उत्पादन का कितना लक्ष्य निर्धारित किये जाने का प्रस्ताव है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री एन० के० पी० साल्वे) : (क) छठी पंच-वर्षीय योजना के दौरान स्वर्ण उत्पादक कम्पनियों का सम्मिलित स्वर्ण उत्पादन लक्ष्य लगभग 12,732 कि० ग्राम स्वर्ण है, इसकी तुलना में जून, 1984 तक कुल 9,626 कि० ग्राम स्वर्ण उत्पादन हुआ है ।

(ख) सातवीं पंच-वर्षीय योजना अभी बन रही है ।

भिलाई इस्पात संयंत्र के श्रमिकों को उत्पादकता से सम्बद्ध बोनस

1102. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1981-82, 1982-83 और 1983-84 के वर्षों के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र के श्रमिकों को उत्पादकता से सम्बद्ध कितना-कितना बोनस दिया गया ;

(ख) क्या यह सच है कि 1983-84 के वर्ष के लिये दिया गया उत्पादकता से सम्बद्ध बोनस पिछले वर्षों की अपेक्षा कम था ; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री एन० के० पी० साल्वे) : (क) वर्ष 1980-81, 1981-82 और 1982-83 में भिलाई इस्पात कारखाने में दिये गये उत्पादकता से संबद्ध बोनस की राशि, जिसका भुगतान अगले वर्षों में किया गया, इस प्रकार है :—

जिस वर्ष के लिये देय है	राशि (लाख रुपये में)
1980-81 . .	638.92
1981-82 . .	629.81
1982-83 . .	676.54

(ख) वर्ष 1983-84 के लिये उत्पादकता से सम्बद्ध बोनस का भुगतान अभी नहीं किया गया है । सामान्यतया इसका भुगतान वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद सितम्बर के महीने में किया जाता है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

Indo-Pak Talks

1103. SHRI JASWANT SINGH: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what has been the outcome of the Indo-Pak talks held in Delhi in the third week of July, 1984;

(b) the level at which the talks were conducted; and

(c) waht issues were brought up during these talks?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI A. A. RAHIM): (a) and (b) The